Live हिन्दुस्तान .com

16 लाख 59 हजार के नकली नोट के साथ गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,फरीदाबाद

Last updated: Sun, 08 Jul 2018 07:13 PM

अपराध जांच शाखा सेक्टर-30 ने नकली नोट बनाने के आरोप में दिल्ली निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 लाख 59 हजार 100 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। आरोपी से बरामद किए गए सभी नकली नोट 100 रुपये के हैं। पुलिस सोमवार को आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी।

कैसे पकड़ा गया:

अपराध जांच शाखा सेक्टर-30 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक ने सेक्टर-30 में ऑटो वाले को 100 रुपये का नकली नोट चलाया है। इस पर अपराध जांच शाखा की टीम ने पूरे सेक्टर-30 में अपना जाल बिछा दिया। उसके बाद पुलिस ने मुखबिर की मदद से आरोपी को सेक्टर-30 इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने उसके दिल्ली स्थित घर पर छापामारी कर नकली नोट और नकली नोट बनाने में प्रयोग होने वाला सामान बरामद कर लिया।

12वीं तक पढ़ा है नकली नोट बनाने का आरोपी:

अपराध जांच शाखा प्रभारी संदीप मोर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिल्ली राजौरी गार्डन निवासी अनमोल के रूप में हुई है। आरोपी मूल रूप से कर्नाटक का रहने वाला है। पिछले लंबे समय से उसका परिवार दिल्ली में रह रहा है। आरोपी 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। फिलहाल वह स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। आरोपी ने पुलिस के समक्ष दावा किया है कि वह आईबीएम कंपनी में कॉलसेंटर की नौकरी कर चुका है।

नौकरी छूटने पर बनाने लगा था नकली नोट:

करीब तीन माह पहले आरोपी की नौकरी छूट गई थी। जिससे वह परेशान हो गया था। दूसरी नौकरी न मिलने पर उसके दिमाग में नकली नोट बनाने का विचार आ गया। नकली नोट बनाने के लिए उसने लैपटॉप, प्रिंटर, कटर और स्कैनर खरीद लिए। वहीं स्टेशनरी की दुकान से कागज खरीद लाया। करीब डेढ़-दो माह पहले उसने 100 रुपये के नोट बनाने शुरू कर दिए थे।

यूट्यूब से सीखे नकली नोट बनाने:

आरोपी को कंप्यूटर की काफी जानकारी है। उसने यूट्यूब पर नोट बनाने को लेकर काफी वीडियो देखे थे। जिससे उसे नकली नोट बनाने में महारत हासिल हो गई। आरोपी ने पत्रकारों के समक्ष भी कबूल किया कि वह बेरोजगार हो गया था। जिसके चलते उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट बनाने की तकनीकी जानकारी हासिल की थी।

रात में ऑटो और रेहड़ी वालों को चलाता था नकली नोट:

आरोपी ने पुलिस के समक्ष रहस्योद्घाटन किया है कि वह अक्सर देर शाम अपने घर से नकली नोट बनाकर फरीदाबाद की ओर चलता था। अपनी आईटेन कार को मेट्रो स्टेशन पर खड़ी कर देता था। मेट्रो स्टेशन पर कार खड़ी करने के बाद वह अगले मेट्रो स्टेशन पर जाने के लिए ऑटो में सवार हो जाता था। जैसे ही अगला मेट्रो स्टेशन आता तो वह उतरकर ऑटो चालक को 100 रुपये देता। 10 रुपये का किराया लेने के बाद चालक उसे 90 रुपये वापस कर देता था। इस तरह वह कई ऑटो बदलता था। सभी ऑटो चालकों को 100 -100 रुपये के नकली नोट थमाता था। वहीं रेहड़ी वालों से भी रात के वक्त में ही सामान की खरीदारी करता था। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी कई माह से नकली नोट बनाने के गोरखधंधे में लिप्त था। वह अब तक बाजार में 10 से 12 लाख रुपये के नकली नोट चला चुका है। आरोपी ने फरीदाबाद के अलावा दिल्ली में भी नकली नोट चलाए थे।

--

पहले कब-कब पकड़े नकली नोट:

06 जुलाई 2018 को एनएचपीसी चौक से सात हजार के नकली नोट के साथ एक गिरफ्तार

14 जनवरी 2016 को फ्रेंडस कॉलोनी निवासी पप्पू एक हजार के 15 नकली नोट के साथ गिरफ्तार

30 जनवरी 2015 को अनखीर चौक से 2.25 लाख के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

02 दिसंबर 2015 को सेक्टर-55 थाना पुलिस ने राजीव कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर 100 रुपये के 60 नकली नोट बरामद

Source: https://www.livehindustan.com/ncr/faridabad/story-arrested-with-fake-notes-of-1-6-million-59-thousand-2057302.html